तत् त्वं पूषन् अपावृणु

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

PM SHRI

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ (छ.ग.)

PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH (C.G.)

विद्यालय पत्रिका ‘‘उड़ान’’

सत्र - 2023-24

KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH

CONGRATULATES

CBSE EXAMINATION 2023

CLASS XII SCIENCE TOPPERS

Rupam Sahu
93.2%

Gaurav Gaharwar
92.6%

Pankaj Janghel
91%

CLASS XII COMMERCE TOPPERS

Anjali Sahu
79.8%

Vivek Kumar Janghel
77.6%

Aaryan Sirmaur
77.2%

CLASS X TOPPERS

Gaurav Fotani
90.0%

Vaibhav Chopra
89.0%

Tikendra Kumar Neta
88.8%

OUR PATRON -

HON'BLE SHRI VINOD KUMAR

Deputy Commissioner

KVS Regional Office, Raipur (C.G.)

HON'BLE SHRI RAVINDRA KUMAR

Assistant Commissioner

KVS Regional Office , Raipur (C.G.)

HON'BLE SHRI
SHRI VIVEK KUMAR CHAUHAN

Assistant Commissioner

KVS Regional Office , Raipur (C.G.)

विनोद कुमार
उपायुक्त
के०वि०स० रायपुर संभाग

Vinod Kumar
Deputy Commissioner
KVS RO Raipur

केंद्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANAGATHAN
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय)
(Autonomous body under Education ministry, GOI)
क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर
REGIONAL OFFICE - RAIPUR
दूरभाष :0771-2262912(DC)
वेबसाइट- www.roraipur.kvs.gov.in
ई-मेल -dckvsrorpr@gmail.com

संदेश -

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि केन्द्रीय विद्यालय, खैरागढ़ सत्र 2023-24 की विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन करने जा रहा है।

विद्यालय पत्रिका विद्यालय के समस्त क्रिया-कलापों का एक प्रतिबिंब है। इसके द्वारा उभरते रचनाकारों व सृजनशील प्रतिभाओं को अपनी सृजनात्मक क्षमता को प्रदर्शित करने का सुअवसर प्राप्त होता है और उसे परिमार्जित करने का एक मौका हैं|

मैं इस विद्यालय पत्रिका के प्रकाशन से जुड़े सभी विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्राचार्य को बधाई देता हूँ और इसकी सफलता की मंगल कामना प्रेषित करता हूँ। मुझे उम्मीद है कि पत्रिका सभी आयु वर्ग के विद्यार्थियों को उचित स्थान प्रदान करेगी।

विनोद कुमार

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के उद्देश्य

रक्षा तथा अर्धसैनिक बलों के कार्मिकों सहित केन्द्रीय सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों को शिक्षा के एक समान पाठ्यक्रम के तहत शिक्षा प्रदान कर उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करना।

विद्यालयी शिक्षा को उत्कृष्टता के शिखर पर पहुँचाना।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड(सी.बी.एस.ई.), राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एन.सी.ई.आर.टी.) जैसे अन्य शैक्षिक निकायों के सहयोग से शिक्षा में प्रयोगात्मकता तथा नवाचारों को प्रारम्भ करना और उन्हें बढ़ाना।

विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता और भारतीयता की भावना विकसित करना।

भारत सरकार के स्थानांतरित होने वाले कर्मचारियों तथा एक स्थान से दूसरे स्थान पर पलायन होने वाली जनता और इसके अलावा देश के दूरवर्ती और अविकसित स्थानों में रहने वाली जनसंख्या के बच्चों के लिए विद्यालय अर्थात केन्द्रीय विद्यालयों की व्यवस्था करना, स्थापित करना, वित्तीय सहायता देना, नियंत्रण और रख-रखाव करना इत्यादि शामिल हैं। इसके साथ-साथ ऐसे सभी कार्य और सुविधाएं उपलब्ध करवाना और अन्य सभी कार्य जो ऐसे विद्यालयों को संचालित करने के लिए आवश्यक हो।

प्रमुख बिंदु

सभी केन्द्रीय विद्यालयों के लिए एक जैसी पाठ्यपुस्तकें तथा द्विभाषी (हिन्दी तथा अंग्रेजी) शिक्षण का माध्यम है।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से सभी केन्द्रीय विद्यालय संबद्ध हैं।

सभी केन्द्रीय विद्यालय सह-शिक्षा एवं मिश्रित विद्यालय हैं।

कक्षा VI से VIII तक संस्कृत भाषा पढ़ाई जाती है।

उपयुक्त शिक्षक- विद्यार्थी अनुपात द्वारा शिक्षण की गुणवत्ता को श्रेष्ठ बनाए रखा जाता है।

कक्षा 8वीं तक के सभी छात्रों, कक्षा 12वीं तक की सभी छात्राओं, अनुसूचित जाति/जनजाति के विद्यार्थियों, केविसं के कर्मचारियों के बच्चों से कोई ट्यूशन फीस नहीं ली जाती है।

प्राचार्य कलम से……

मैं स्कूल पत्रिका के लिए अपने शब्दों को
करने के लिए अभिभूत हूं। यह विद्यालय के मेरे ने
वर्षों के बाद मैंने सीखा है कि यह विद्यालय अपने अच्छ छात्रा, शिक्षकों और सहायक अभिभावकों के साथ निकट भविष्य में मील के पत्थर स्थापित करने जा रहा है।

उत्कृष्टता एक कला है जिसे प्रशिक्षण और अभ्यस्त द्वारा जीता जाता है। हम सही तरीके से कार्य नहीं करते हैं क्योंकि हमारे पास गुण या उत्कृष्टता है, लेकिन हमारे पास वे हैं क्योंकि हमने सही तरीके से काम किया है.

प्रिय छात्र, उत्कृष्टता किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है। छात्र जीवन अपने आप को उन आदतों के लिए तैयार करने का उच्च समय है जो उत्कृष्टता के मार्ग की ओर ले जाएंगे। स्वस्थ रहें, स्वस्थ सोचें और सही समय में सही करें |

हमेशा अपने आप को उन कृत्यों में शामिल करें जो हमारे देश में बदलाव लाने वाले हैं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन का उद्देश्य एक अच्छे पेशेवर का उत्पादन करने के बजाय एक अच्छा नागरिक बनाना है, इसलिए इस देश के योग्य नागरिक बनने के लिए कड़ी मेहनत करें.

जय हिन्द

एस.आर. कुजूर

प्रधानाध्यापिका की कलम से....

विद्यालय पत्रिका का प्रत्येक अंक एक मील का पत्थर है ,जो हमारी वृद्धि को दर्शाता है, हमारी कल्पनाओं को उजागर करता है, और हमारे विचारों और आकांक्षाओं को जीवन देता है। यह रचनात्मक कौशल के व्यापक स्पेक्ट्रम को लिखने से लेकर संपादन तक और यहां तक कि पत्रिका को डिजाइन करने में भी शामिल है। मैं छात्रों, अभिभावकों और संपूर्ण संपादकीय टीम को इस सपने को सच करने के लिए उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई देती हूँ |

प्रधानाध्यापिका

संजुलिका जेम्स

संपादक की कलम से...

गति प्रबल पैरों में भरी, फिर क्यों रहूँ दर -दर खड़ा
जब आज मेरे सामने , है रास्ता इतना पड़ा
जब तक मंजिल न पा सकूँ, तब तक मुझे न विराम है
चलना हमारा काम है , चलना हमारा काम है.

लिखना प्रकृति प्रदत्त उपहार है | लेखन का संबंध विचारों से है ...विचार अनंत है ,सीमा से परे | असंभव तक पहुँचने का पर्याय ही वास्तविक लक्ष्य है | जीवन का निर्माण ही सफलताओं से नहीं असफलताओं से होता है | सफलताएँ तो मंजिल होती है जहाँ पहुँच कर एक रास्ता ख़त्म होता है और दूसरे रास्ते की पगडंडियाँ फूटती है जबकि असफलताएं स्वयं में रास्ता होती है | पूरे मनोयोग और कोशिश के साथ किया गया प्रत्येक कार्य हमेशा फलदायी होता है।

उडान का अंक समर्पित करते हुए मुझे विशेष हर्षानुभूति हो रही है | यह केवल विद्यालय प्रशासन के विचारों को प्रकट करने का माध्यम ही नहीं अपितु विद्यार्थियों की उपलब्धियों और सफलताओं को रेखांकित करने के साथ-साथ नवांकुर प्रतिभाओं को अभिप्रेरित करने के लिए एक मंच प्रदान करते हुए उनके अंदर कल्पना शक्ति ,सृजनशीलता का विकास करती है | विद्यालय पत्रिका विषय वैविध्य , शैली की विशिष्टता छात्रों के मानसिक क्षितिज के कलात्मक कलेवर की प्रस्तुति साहित्य साधना के साथ एक रसमय सृष्टि का विधान करते हुए नये ज्ञान ,विज्ञान ,छिपी शक्तियों व क्षमताओं के अहसास और विकास के साथ अपनी योग्यता और सामर्थ्य की पहचान करने में अत्यंत उपयोगी साबित होगी |

मैं कृतज्ञ हूँ सम्माननीय प्राचार्य महोदय श्री सैम्प्रिसियस कुजूर का जिनके प्रेरणा ,नेतृत्व और मार्गदर्शन से यह पत्रिका यह कलेवर पाने में सफल हुई |

मैं ह्रदय से आभारी हूँ संपादक मंडल के सदस्यों एवं समस्त विद्यार्थियों का जिनके उत्साह ,लगन व अनवरत सहयोग से यह अपने अस्तित्व में आया |

विद्यार्थी मौलिक लेखन की दिशा में अग्रसर हो ,यह प्रयास भी हमें करना होगा ताकि हमारा प्रयास उतरोत्तर सफल एवं सार्थक हो सके |

मोहिनी साहू
स्नातकोत्तर शिक्षिका

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ (एक झलक)

केन्द्रीय विद्यालय संगठन देश की रक्षा में जुटे हुए रक्षा और अर्ध सैन्य कर्मियों सहित स्थानांतरित केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं एवं सुसंस्कारित करने हेतु भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया है , जो देश के प्रति समर्पण के लिए हमेशा अग्रसर रहता है | केन्द्रीय कर्मचारियों के कार्य क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए में केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ सन 2008 को अस्तित्व में आया | तब से अपनी अद्भुत सेवाएँ देता आ रहा रहा है | विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु यह विद्यालय अपने आप में अनूठा है | देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए बच्चे समग्र शिक्षा ग्रहण करते हुए आपसी सद्भाव और भारतीयता की भावना सम्पूर्ण रूप से विकसित करते हुए अपने आप में एक लघु भारत की तस्वीर प्रस्तुत करता है |

विश्वप्रसिद्ध संगीत नगरी की पावन धरा में स्थित केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ सभी आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है | यहाँ वर्तमान में कक्षा पहली से बारहवीं तक कुल 987 विद्यार्थी अध्ययनरत है | यहाँ के विद्वान शिक्षक सिर्फ पाठ्यक्रम प्रक्रियाएं ही नहीं अपितु अतिरिक्त पाठ्यक्रम प्रक्रियाओं में भी विद्यार्थियों को दक्ष बनाते हैं | विद्यार्थियों के चहूँमुखी विकास के लिए सभी विज्ञान प्रयोगशालाएँ ,गणित प्रयोगशाला , कार्यानुभव प्रयोगशाला ,कला विभाग ,प्राथमिक विद्यार्थियों के लिए संसाधन कक्ष ,संगीत कक्ष एवं पुस्तकालय सभी सुविधाओं से परिपूर्ण है | बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए योगा कक्ष ,फ़ुटबाल ,बालीबाल ,टेबल-टेनिस ,क्रिकेट मैदान उपलब्ध है | विद्यालय के परिसर में हरे-भरे पेड़ पौधे एवं चारों ओर हरीतिमा व्याप्त है | इस विद्यालय में बोर्ड के परीक्षा परिणाम निरंतर उत्कृष्ट रहे हैं | पाठ्य-सहगामी क्रियाकलाप निश्चित रूप से पूरे वर्ष कैलेंडर के अनुरूप होते हैं , जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है | विद्यालय स्तर ,क्षेत्रीय स्तर , एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में यहाँ के विद्यार्थी बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं एवं विशेष दर्जा हासिल करते हैं | यहाँ के पूर्व शिक्षित विद्यार्थी न सिर्फ देश में,बल्कि विदेशों के विभिन्न हिस्सों में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं |

चाणक्य ने कहा था -“उच्च स्तर प्राप्त करना आसान है ,पर उस स्तर को बरकरार रखना उससे भी मुश्किल होता है |”

इसलिए हर क्रियाकलाप में निरंतर नूतनता की आवश्यकता है ,जिसके लिए केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ प्रतिबद्ध है | ताकि यह विद्यालय निरंतर प्रगति के नए शिखर का आरोहण करे |

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH

e) to promote harmony and the spirit of common brotherhood amongst all the people of India
transcending regilious, linguistic and regional or sectional diversities; to renounce practices
derogatory to the dignity of women;
f) to value and preserve the rich heritage of our composite culture;
g) to protect and improve the natural environment including forests, lakes, rivers and wild life,
and to have compassion for living creatures;
h) to develop the scientific temper, humanism and the spirit of inquiry and reform;
केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
ENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGAR
केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़

संपादक—मंडल

श्रीमती मोहिनी साहू (प्रशिक्षित स्नातकोत्तर शिक्षिका)

श्रीमती संजुलिका जेम्स (प्रधानपाठिका)

श्री. तुषार नागदिवे (प्राथमिक शिक्षक)

पूर्वा लहरे - कक्षा -12-अ

श्रीवंत सिंह – कक्षा-12-ब

मोक्ष साहू – कक्षा 10- अ

गोपिका वर्मा-कक्षा10-ब

कर्मचारियों की सूची -

क्र.स	नाम	पद का नाम
1	श्री सत्य नारायण रेड्डी मल्ला	प्र.प्राचार्य (पीजीटी भौतिक विज्ञान)
2	श्रीमतो मोहिनी साहू	पीजीटी (हिंदी)
3	श्री राधे श्याम	पीजीटी (वाणिज्य)
4	श्री प्रशांत घोंगरे	टीजीटी (कला)
5	श्रीमती मोलिना घोष	टीजीटी (गणित)
6	श्रीमती अमृता चौधरी	टीजीटी (गणित)
7	श्री लोकेश कुमार	टीजीटी (अंग्रेजी)
8	श्रीमती संजूलिका जेम्स	प्र.अध्यापिका
9	पी. पद्मावती राव	प्रा. शिक्षिका
10	श्री बिसने सुशील	प्रा. शिक्षक
11	श्री पारधी मुकेश	प्रा. शिक्षक
12	श्री गोलेख गुप्ता	प्रा. शिक्षक
13	श्री मिथिलेश झोडे	प्रा. शिक्षक
14	श्री तुषार नागदेवे	प्रा. शिक्षक
15	श्री आशीष कुमार	प्रा. शिक्षक
16	श्री शक्ति सिंह खैरे	प्रा. शिक्षक
17	श्री मुकुंद सिंह ठाकुर	संगीत शिक्षक
18	श्री प्रशांत सिंह	क . सचि . सहा .

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ की कुछ झलकिया...

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH
पाठ्य-सहगामी क्रियाकलाप
कौन सी किताब टेबल तक पहुंचेगी?

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH
पाठ्य-सहगामी क्रियाकलाप

KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर
NATIONAL UNITY DAY
एकता दौड़ एवं जागरूकता सप्ताह

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़

वार्षिक खेल दिवस
2
1
3

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, रायपुर संभाग
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN RAIPUR REGION
संकुल स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव
CLUSTER LEVEL CULTURAL MEET
19-11-2022

संकुल स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव
CLUSTER LEVEL CULTURAL MEET

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH
पाठ्य-सहगामी क्रियाकलाप

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH
पाठ्य-सहगामी क्रियाकलाप
CO-CURRICULAR ACTIVITY
PRIMARY SECTION
kit Competition

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH
पाठ्य-सहगामी क्रियाकलाप
CO-CURRICULAR ACTIVITY
PRIMARY SECTION

KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH
केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
Welcomes You on

भारत स्काउट/गाइड
BHARAT SCOUTS/GUIDES
RAIPUR DIVISION

भारत स्काउट/गाइड
BHARAT SCOUTS/GUIDES

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
HUMAN RIGHTS DAY
10.12.2022

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
छात्र परिषद अलंकरण समारोह

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH
केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH
पाठ्य-सहगामी क्रियाकलाप
CO-CURRICULAR ACTIVITY
PRIMARY SECTION
हिन्दी आशुभाषण प्रतियोगिता

KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH
केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, रायपुर संभाग
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, RAIPUR REGION
YAMAHA

केन्द्रीय विद्यालय, खैरागढ़
रायपुर संभाग
पुस्तकोपहार
(Book Donation)
2022-2023

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
स्थापना दिवस

केन्द्रीय
JUDGE 3
Azadi Ka Amrit Mahotsav

असंभव शब्द का प्रयोग केवल कायर करते हैं। बहादुर और बुद्धिमान व्यक्ति अपना मार्ग स्वयं प्रशस्त करते हैं।
केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH
पाठ्य-सहगामी क्रियाकलाप
CO-CURRICULAR ACTIVITY
DATE-

असंभव शब्द का प्रयोग केवल कायर करते हैं। बहादुर और बुद्धिमान व्यक्ति अपना मार्ग स्वयं प्रशस्त करते हैं।
केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH
पाठ्य-सहगामी क्रियाकलाप
SECONDARY SECTION
ACTING COMPETITION
22/07/2023

केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
KENDRIYA VIDYALAYA KHAIRAGARH
पाठ्य-सहगामी क्रियाकलाप
CO-CURRICULAR ACTIVITY
SECONDARY SECTION
काव्य पाठ
DATE-

STUDENT'S CORNER


खोल दे पंख मेरे कहता है परिंदा,
अभी और उड़ान बाकी है,
जमीन नहीं है मंजिल मेरी,
अभी पूरा आसमान बाकी है.....
हिंदी खण्ड
हिन्दी


ॐ
असतो मा सद्गमय
asato mā sadgamaya
Lead us from the falsehood to the truth
तमसो मा ज्योतिर्गमय
tamaso mā jyotirgamaya
Lead us from the darkness to the light
मृत्योर्मा अमृतं गमय
mṛtyormā amṛtaṃ gamaya
Lead us from the death to the immortality
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः
om śāntiḥ śāntiḥ śāntiḥ
Om Peace ! Peace ! Peace

1."प्रबुद्ध और मजबूत भारत को आकार देने में केंद्रीय विद्यालयों की भूमिका"

"कुछ कर गुजरने के लिए मौसम नहीं मन चाहिए।
साधन सभी जुट जाएंगे संकल्प का धन चाहिए।।"

सर्वप्रथम मैं केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना के 57 वर्ष पूरे होने पर आप सभी को हार्दिक बधाई देना चाहती हूं। मैं एक ऐसे महान संगठन का सदस्य होने के नाते स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं,जो स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा,सर्वश्रेष्ठ,सुव्यवस्थित और सफलतम शैक्षणिक संगठन है। कोविड-19 की तीसरी लहर की आशंकाओं के बीच वर्तमान युग में जब आधुनिकता और पश्चिम की आंधी ने भारतीय जीवन मूल्यों को गहरी चुनौती दे रखी है,यह केंद्रीय विद्यालयों का ही कार्य है कि वह भारतीयता और संस्कारों की पाठशाला के रूप में तूफान को बेअसर कर दे। किसी ने क्या खूब कहा है:-

वह पथ क्या पथिक परीक्षा क्या
जिस पथ पर बिखरे शूल न हों
नाविक की धैर्य परीक्षा क्या
जब धारा ही प्रतिकूल न हो।

केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना 1963 में हुई थी और भारत सरकार ने 20 रेजीमेंट स्कूलों का अधिग्रहण कर सेंट्रल स्कूलों की स्थापना की। 15 दिसंबर सन 1965 को सोसायटी पंजीकरण की धारा 2 के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय संगठन का पंजीकरण हुआ।

इस संगठन के उद्देश्य से ही इसके महान कार्यों की झलक मिल जाती है:-

(1) केंद्र के स्थानांतरित कर्मियों एवं रक्षा सैनिकों के बच्चों हेतु समान पाठ्यक्रम के आधार पर शिक्षा की व्यवस्था करना।

(2) स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में प्रयोग एवं नवोन्मेष को बढ़ावा देना ।

(3) विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता एवं भारतीयता की भावना उत्पन्न करना।

इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए हमारा संगठन पूरी तरह समर्पित है। केंद्रीय विद्यालयों की प्रमुख विशेषताएं हैं:-

1 समान पाठ्यपुस्तक

2 मातृभाषा के साथ-साथ अन्य भाषाओं में भी अध्ययन के विकल्प की सुविधा प्रदान की जाती है|

3 हमारे विद्यालय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई,राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद से संबद्ध हैं।

4 यहां पर शोधों के आधार पर विश्व की आधुनिकतम शिक्षा पद्धति है। हमारे यहां कंप्यूटर इंटरनेट और PISA की नवीनतम अवधारणाओं को शिक्षा में उतारा जाता है।मार्च 2020 से जब कोविड-19 के संक्रमण ने पूरे देश को प्रभावित किया तो हमारे केंद्रीय विद्यालय संगठन ने शिक्षा व्यवस्था को जारी रखने के लिए तीन से चार महीनों के भीतर ही ऑनलाइन शिक्षा की व्यवस्था को प्रारंभ किया । यह पूरी तरह से सुरक्षित, निर्बाध और लाभकारी पद्धति है, जिसमें एक विशिष्ट ऐप की सहायता से पूरे देश के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और शैक्षिक प्रशासकों को सफलतापूर्वक जोड़ा गया है। इस माध्यम से न केवल पढ़ाई बल्कि खेलकूद,सामाजिक विज्ञान,वैज्ञानिक शोध, नवाचार आदि प्रवृत्तियों को भी सफलतापूर्वक बढ़ावा दिया जाता है।

हमारे केंद्रीय विद्यालय की अधोसंरचनाएँ सर्वोत्तम हैं। हम शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श पद्धति हैं।यहां पर विद्यार्थी केंद्रित और तनाव रहित शिक्षा दी जाती है।

यह ऐसा विलक्षण संगठन है जो भारतीयता व संस्कारों की शिक्षा देता है ।हमारे यहां धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्र के आधार पर भेदभाव नहीं होता। प्रवेश के लिए सरल पारदर्शी प्रक्रिया है।यहां मोटी फीस नहीं है। यहां स्वस्थ,सहज,सरल, प्रेरक शैक्षणिक वातावरण है। केंद्रीय विद्यालय अपने आप में एक लघु भारत है।

केंद्रीय विद्यालय संगठन का ध्येय वाक्य यजुर्वेद के ईशावास्योपनिषद के 40 वें अध्यायके 15वें श्लोक से लिया गया है| यह पूरा श्लोक इस प्रकार है:-

"हिरण्मयेन पात्रेण, सत्यस्यापिहितं मुखम. तत्वं पूषन्नपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये.."

इसका अर्थ है कि "हे सबका भरण पोषण करने वाले, परमेश्वर! सत्य स्वरुप हिरण्यमय (ज्योर्तिमय) पात्र जो ढका हुआ है, मुझे उस पात्र का ढक्कन उठाकर मुझे सत्य का दर्शन करा दीजिए।"

तेजी से बढ़ते भारत, बदलते भारत और नए भारत में देश के करोड़ों लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को एक मजबूत आकार देने में केंद्रीय विद्यालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां की कक्षाओं में भारत का भविष्य गढ़ता है।

¨ तनिष्का साहू—कक्षा—दसवी- ब

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

2. टेडी अनमोल

मेरा टेडी कितना प्यारा
मेरे मन को भाता है

जहाँ जहाँ मैं जाती हूँ
पीछे पीछे आ जाता है

जब मैं स्कूल जाती हूँ
नव्या नव्या बुलाता है

बच्चों का संसार अनूठा
सबसे न्यारे बच्चे हम
देते संदेश एका का हम
भेदभाव से रहें दूर हम

- मोक्ष वैष्णव (कक्षा 3 री –अ)

3. उस मिसाइल मैन को है सलाम

उस मिसाइल मैन को है सलाम,
जिनका नाम था अब्दुल कलाम।
गरीबी से उठकर बने वह विज्ञानी ,
उनकी हर एक बात दुनिया ने मानी।
उस समय उनके लिए मंजिल बैठी दूर थी,
पर उनमें हुनर था और आस्था भरपूर थी।
एक समान था उनके लिए हर एक धर्म और धाम,
पुरे विश्व में उन्होने खूब कमाया नाम।
कितना कुछ किया है उन्होंने इस देश के लिए
नहीं है इसकी कोई गिनती,
अब उनके जैसा ही राष्ट्रपति पाने के लिए
हर एक देश कर रहा है ईश्वर से विनती ।
उन्होंने बदल दिया भारत का आने वाला कल,
और उनका जीवन रहा सफल।
इतने उन्होंने किए पुण्य हैं,
यह कविता उनके महान कर्मों के आगे शून्य है।

द्वारा- आर्ची झा

कक्षा- चौथी-अ

4. आवाजों की दुनिया

मैंने अपनी हिंदी पुस्तक वसंत में लेखिका हेलन केलर की कहानी पढ़ी जो देख नहीं सकती थीं बहुत सोच में पड़ गई कि बिना आंख वालों की दुनिया कैसी होती होगी।उन्हें कैसे पता लगता होगा कि दिन है या रात कौन आया कौन गया।अपनी आंखों को रोज बंद करना शुरू करके अलग-अलग समय में पता किया कि आवाजों से सब कैसे समझा जा सकता है|मुझे पहली बार पता लगा कि हमारे आसपास इतनी सारी आवाजें हैं और हम आंखों से सब देख लेने के कारण इन पर कभी ध्यान नहीं देते।पहले मैंने सुबह की आवाज सुनी जैसे सड़क पर खराहट की आवाज से पता लगा सड़क पर झाड़ू लग रही है सुबह सारे रास्ते पेड़ पौधे, पशु-पक्षी और पता नहीं कौन-कौन बोलना शुरू कर देते हैं।

साइकिल की घंटी की आवाज मतलब ब्रेड वाला आया। स्कूल जाते बच्चों की साइकिल की घंटी की आवाज इससे अलग थी क्योंकि बच्चे हंसते, शोर मचाते, बातें करते जाते थे। एक से ज्यादा घंटी बजती थी। बीच बीच में दादा जी और उनके दोस्तों की आवाजो से पता चलता था कि वे टहल रहे हैं।

रसोई में नल के आने की आवाज अलग थी जो पहले सीटी बजाती थी फिर नल में पानी आता था।

फिर चूड़ियों की आवाज़ से पता लगा कि मम्मी रसोई में पानी भर रही हैं।

साथ में प्यालों की आवाज यानि चाय बनाई जा रही है। आंगन में पीछे बर्तन की आवाज मतलब कामवाली बाई बर्तन साफ कर रही है फिर घर के फर्श पर बाल्टी घसीटने की आवाज से पता लगा कि बाई पोछा लगा रही है।

द्वारा- संस्कृति यादव

कक्षा— नवमी-ब

5.मेरा भारत महान

हम उस देश के वासी हैं ,

जिस देश में मथुरा काशी है।

ये देश है वीर जवानों का,

एका से रहते सब धर्मों का ।

हम पंजाबी ,हम गुजराती, बंगाली, मद्रासी हैं,

इन सबसे पहले हम ,केवल भारतवासी हैं।

हम सब भारतवासी हैं.................

6. सूक्ति वचन

1. धन से ही नहीं बल्कि जो विद्या से हीन है, वही दीन है।

2. मिलने पर मित्र का सम्मान करें।पीठ पीछे प्रशंसा करें। विपत्ति के समय सहयोग करें।

3. नम्रता और मीठे वचन ही मनुष्य का आभूषण हैं।

4. कर्म करो फल की चिंता न करो।

5. मनुष्य की वाणी से उसके गुण अवगुण जाने जा सकते हैं।

6. ऊंचाई यदि उपकार की है तो कोई पर्वत उससे ऊपर नहीं है।

7. अपने से हो सके,वह काम दूसरों से नहीं करवाना चाहिए।

8. कोमलता से बोलो और मधुरता से मुस्कुराओ।

9. जो कार्य जितनी श्रद्धा से किया जाएगा उतना ही श्रेष्ठ होगा।

7. कविता- जीवन नया तू गढ़ता चल।

काँटे मिले जो राहों में चुनकर उसे तू बढ़ता चल।
आस और प्रयास से जीवन नया तू गढ़ता चल।।
लड़खड़ा जाए कदम हिम्मत कभी ना हारना।
आत्मबल के जोर से तू डर को अपने मारना।।
हौसले की सीढ़ी से ऊंचाइयां को चढ़ता चल।
आस और प्रयास से जीवन नया तू गढ़ता चल।।
साध कर तू लक्ष्य अपना नज़र वही गड़ाता जा।
ठानकर तू मन में अपने हर कदम बढ़ाता जा।।
मिले जो शील मिल के श्रम के वर्ण पढ़ता चल।
आस और प्रयास से जीवन नया तू गढ़ता चल।।
मंजिल जो तेरी दूर है आखिर पहुंच ही जाएगा।
दुःख के सागर पार ही मोती खुशी के पायेगा।।
राह में जो लाख आए हर बला से लड़ता चला।
आस और प्रयास से जीवन नया तू गढ़ता चल।।
काँटे मिले जो राहों में चुनकर उसे तू बढ़ता चल।
आस और प्रयास से जीवन नया तू गढ़ता चल।।

- काव्य देवांगन (कक्षा –9 वी)

एक किसान था,उसके पांच बेटे थे। सभी बहुत ताकतवर और मेहनती थे ,पर वे लोग हमेशा आपस में एक-दूसरे से लड़ते झगड़ते रहते थे। यह देखकर किसान बहुत चिंतित रहता था। वह चाहता था कि,उसके बेटे आपस में लड़ाई-झगड़ा ना करें और मिलजुल कर रहे। किसान ने अपने बेटों को बहुत समझाया और डांटा फटकारा भी,लेकिन उन पर इसका कोई असर नहीं हुआ ।किसान को हमेशा यही चिंता खाए जा रही थी कि,वह अपने बेटों में एकता कैसे कायम करे।एक दिन उसने अपनी समस्या का एक उपाय सोचा |उसने अपने पांचों बेटों को बुलाया।उन्हें लकड़ियों का एक गट्ठा दिखाकर कहा- क्या तुममें से कोई इस गट्ठे को बिना खोले तोड़ सकता है। किसान के पांचों बेटे बारी-बारीसे

आगे आए।उन्होंने खूब ताकत लगाई पर उनमें सेकोई भी लकड़ियों का गट्ठा तोड़ नहीं सका। फिर किसान ने गट्ठा खोलकर लकड़ियों को अलगअलग कर दिया। उसने अपने बेटों को एकएक लकड़ी देकर उ से तोड़ने के लिएकहा ,सभी लड़कों ने बहुत आसानी से अपनी – अपनी लकड़ी तोड़ डाली।किसान ने कहा, देखा एक- एक लकड़ी को तोड़ना कितना आसान होता है।इसको एक साथ गट्ठे में बांध देने प र यह कितना मजबूत हो जाता है।इसी तरह तुमलोग मिल – जुलकर एक साथ रहोगे तो मजबूत बनोगे और लड़ – झगड़ कर अलग – अलग हो जाओगे ,तो कमजोर बनोगे।

संगठन में ही शक्ति है।

एकता में ही बल है।

राशी (कक्षा- 5वीं)

9.खाओ फल

इतना सुंदर प्यारा संतरा
मीठा और रस वाला संतरा।
हरे रंग वाला सुंदर जा
मुझे तो अच्छा लगता आम।
पीला मीठा पका केला
मन करे खा जाऊँ अकेला।
विटामिन ए से भरा पपीता
इसे खाकर खुश है अक्षिता ।
लाल लाल है सुंदर बेर
जल्दी खाओ करो न देर।
जो बच्चे सब फल खाते हैं,
वो हमेशा स्वस्थ रह पाते हैं।

पुष्कर कक्षा (2 री 'ब')

10.)कागज और पेंसिल

मैं अभिव्यक्त करना चाहता हूं कुछ शब्द,
और गढ़ने की कोशिश करने पर
कोरे कागज और पेंसिल
से बन जाते हैं,कुछ चित्र
जो अधूरे से जो दिखाई देते हैं सपनों में मुझे,
और जाग लिखने पर वही बन जाती है कविता।

- चंद्रशिवंम चंदेल (5 वी अ)

वृक्ष ही आधार , वृक्ष वनों की शान ,

वृक्ष बिन पृथ्वी , बंजर भूमि समान ।

कल से कालांतर से , युगों से यह साथ,

वृक्ष बिन पर्यावरण सतत वीरान ।।1।।

पशुओं का जीवन यह, पक्षियों का बसेरा ,

वृक्षों से है , जगत का सवेरा ।

वृक्ष बिन वन अंधकार, वृक्ष ही प्रकृति का आधार।

वृक्ष है ऐसा वरदान , जिसने दिया जीवन दान ।।2।।

झरने गाते जिसका यशोगान ,

स्वर्ग पर भी पारिजात विद्यमान ।

करता यह हमें औषधि प्रदान ,

देता हमें वायु प्राणदान ।।3।।

अन्ततः वृक्ष है प्रकृति की शान ,

क्योंकि एक वृक्ष है सौ पुत्रों के समान।।4।।

- अमृता चौधरी

स्नातक शिक्षिका (गणित)

12)मेरे भारत को नमन

जनगणमन जनगणमन

आओ राष्ट्र को करें नमन

मेरे देश में हो शांति और अमन

फिरंगियों ने किया गमन

दुश्मनों का करें दमन

अपनी ही धरती और गगन

आओ देश को करें नमन

वतन को अर्पित करें सुमन

अच्छे कर्मों की भेंट अर्पण|

-अपेक्षा मिश्रा (कक्षा-5 वी)

विश्व के प्रमुख देशों / स्थानों के भौगोलिक उपनाम

सूर्योदय का देश - जापान

संसार की छत -पामीर का पठार (तिब्बत)

संसार का रोटी भंडार - प्रेयरीज आफ नार्थ अमेरिका

मोतियों का द्वीप – बहरीन

स्मारकों की नगरी – वियाना(आस्ट्रेलिया)

विश्व की जन्नत – पेरिस (फ्रांस)

सुकुमार फूलों का देश – जापान

पवन चक्कियों की भूमि –नीदरलैंड

पूर्व का मोती - श्रीलंका

चीनी का कटोरा – क्यूबा

समृद्धि राजन , कक्षा आठवीं 'ब'

मेरी पहली प्रयास ...

माँ

कैसे लिखूँ एक पंक्ति ,
अनंत पंक्ति भी कम है |
माँ को परिभाषित करने ,
हजार लफ़्ज़ भी कम है |
कहते हैं माँ बेटा का रिश्ता ,
अधिक प्यारा होता है |
किंतु माँ का प्यार तो ,
सब पर बराबर होता है |
मैंने एक ही रिश्ता देखा ऐसा ,
वह रिश्ता है माँ का |
जिसके गुस्से में भी दुलार ,
और ममता भरी स्नेह का |
अपने गर्भ में नौ माह तक ,
कष्ट सहा पाला उसने |
अपने गोरस के ताकत से ,
हर स्थिति के लड़ना सिखाया उसने |
कहती है मैं न रहूँ ,
तो भी सदैव खुश रहना |
भला कौन बाते उसे ,
मन नहीं लगता एक पल भी उनके बिना |
कहते हैं संगति का असर,
बहुत गहरा होता है |
मेरा यह प्रथम प्रयास
मेरी माँ से लिखना सीखा है

श्रुति साहू
कक्षा बारहवीं 'अ'

स्वच्छता का यह अभियान

भारत मां का है अभिमान,
गांधी जी के सपनों का ये
धरती पर उतरा प्रतिमान,

कूड़े करकट गंदी सड़के
क्या यही है अपनी पहचान?
नहीं चलेगा गंदा - संदा
आदत बदलो ए इंसान,

हाथ धुलाई, सुंदर कपड़े
प्रतिदिन करना होगा स्नान,
घर का कचरा बाहर डालो
उपयोगी है कूड़ेदान,

हम जागे तो देश जागेगा
हर पल रखना होगा ध्यान,
जागो भाई, जागो बहनों
सतत् चलेगा यह अभियान।

अधिश्री सिंह
कक्षा-10 ब

सेहत बनाओ ,महामारी भगाओ

महामारी है एक बुरी बीमारी
इससे दूर रहना सदा सुखकारी
रखो स्वच्छता अपने आसपास
बीमारी न आएगी कभी आपके पास
स्वच्छ भोजन खाओ
तन को मजबूत बनाओ
शरीर को स्वस्थ बनाओ
बीमारी को दूर भगाओ
करो नित्य तुम योग व्यायाम
बीमारी से पाओ आराम,
आओ एक अभियान चलाए
महामारी को दूर भगाए |
चारो ओर हरियाली लाएं
पेड़-पौधों से धरती को सजाएँ
स्वच्छ हो वातावरण हमारा
महामारी से फिर कभी ना हो सामना
मास्क लगाओ दूरी बनाओ
कोरोना महामारी दूर भगाओ
अपनी सुरक्षा अपने हाथ
कोई भी बीमारी ना हो साथ

अर्पित साई

कक्षा -छठवी अ

...ज़िंदगी...

एक ऊँगली पकड़ जान डालने से,
ऊँगली छोड़ बेजान करने तक का
सफर....
ही तो ज़िन्दगी है क्या?

बेजान,नासमझ पैदा होना,
और फिर समझदार बनने कुछ न
समझ पाना....
ही तो ज़िन्दगी है क्या?

पहले सीखना और समझना,
फिर खुद सवाल बन,जीवन भर
हल ढूंढना....
ही तो ज़िन्दगी है क्या?

बेमौसम-बेमुहुर्त् पैदा होना,
फिर जीवन भर मौसम के लिए
मुहूर्त ढूंढना....
ही तो ज़िन्दगी है क्या?

काला रंग को अशुभ मानना,
फिर वही नज़र से बचने काली
ताबीज पहनना ....
ही तो ज़िन्दगी है क्या?

माँ के काला रंग से नौ मास पलना,
और वहीं लाल रंग से इश्क़
न करना....
ही तो ज़िन्दगी है क्या?

ज़िन्दगी मे किसी का"जि"से जिगर
का टुकड़ा बन,अंत मे किसी की
बं"दगी" बनना.....
ही तो ज़िन्दगी है क्या?

-श्रुति साहू
कक्षा ।।वी "अ"
केंद्रीय विद्यालय संगठन

13. जब देश के युवा साथ हों

दो हों या चार हों,

नदी हो या पहाड़ हो,,

साथ मिलके चलेंगे हम,

किसी बाधा से न डरेंगे हम।

बारूद हो तूफ़ान हो,

समुद्र का उफान हो,,

न झुकेंगे हम,

जब हम सब साथ हों।

चाहे समस्या तमाम हो,

या अन्याय का प्रहार हो,,

न रुकेंगे हम,

जब हम सब साथ हों।

चाहे हज़ारों कठिनाइयां हों,

चारों तरफ हाहाकार हो,,

श्री. गोलेख गुप्ता

प्राथमिक शिक्षक

प्रकृति

प्रकृति से मिले है हमे कई उपहार
बहुत अनमोल है ये सभी उपहार
वायु जल वृक्ष आदि है इनके नाम
नहीं चुका सकते हम इनके दाम
वृक्ष जिसे हम कहते है
कई नाम इसके होते है
सर्दी गर्मी बारिश ये सहते है
पर कभी कुछ नहीं ये कहते है
हर प्राणी को जीवन देते
पर बदले में ये कुछ नहीं लेते
समय रहते यदि हम नहीं समझे ये बात
मूक खड़े इन वृक्षो में भी होती है जान
करने से पहले इन वृक्षो पर वार
वृक्षो का है जीवन में कितना है उपकार

श्री. तुषार नागदिवे
प्राथमिक शिक्षक

सदैव

माँ खुश हो तो,
चहचहाती है ये दुनिया।
माँ की नाराज़गी से,
काँप जाती है ये धरती
और चुपके से खिसक जाती है,
पैरों के नीचे से।
माँ के आंसू की बूंद गिरते ही,
भारी हो जाते हैं ग्रह नक्षत्र
उन आंसुओं के कारणों के।
माँ के मुस्कुराते ही,
मुस्कुरा उठती हैं
ये भीगी पलकें।
किंतु...
माँ की नींद पर,
सदैव भारी पड़ती है
पिता की अनुपस्थिति
सदैव...
सदैव...

श्री. मिथिलेश झोड़े
प्राथमिक शिक्षक

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

लिखित अभ्यास से ही सफलता

किसी भी व्यक्ति का केवल दूसरे को तैरते देखकर तैरना सीखना तथा तैराकी प्रतिस्पर्धा जीतना लगभग असंभव है, जब तक कि वह व्यक्ति खुद पानी में उतरकर स्वयं तैरने का अभ्यास न करे|

यही कार्यप्रणाली शिक्षा के क्षेत्र में भी लागू होती है| छात्र/ छात्रा शिक्षक को बोर्ड/प्रोजेक्टर या कंप्यूटर पर कार्य कैसे करें, केवल देखते हैं,समझते हैं,खुद लिखकर अभ्यास नहीं करते,और न ही अपने सीखे गए विषय का स्वमूल्यांकन करते हैं| सीधे वार्षिक परीक्षा में पेपर के समय ही लिखते हैं|

छात्र/छात्राओं से अपेक्षा है कि वे अधिकतम अंको के साथ सफलता प्राप्त करने के लिए एक-एक टॉपिक को लिखकर देखें तथा स्वयं मूल्यांकन कर अपने आत्मविश्वास को बढ़ाएं | शिक्षक छात्र को केवल मार्ग दिखा सकता है,उसकी हर संभव सहायता सफलता पाने के लिये कर सकता है, परन्तु लक्ष्य को पूरा करना केवल उस छात्र के सतत प्रयास के द्वारा ही संभव है । यदि किसी छात्र को अपना शरीर स्वस्थ रखना है तो उसे ही योग-कसरत करना होगा। यदि किसी छात्र को अपनी भूख शांत करना है तो उसे ही भोजन करना होगा।

यदि किसी छात्र को कोई वाहन चलाना सीखना है तो उसे ही उसका अभ्यास करना होगा।

यदि किसी छात्र को किसी दौड़ में अव्वल आना है तो दौड़ का अभ्यास भी उसे ही करना होगा।

उसी प्रकार परीक्षा में सफलता के लिये छात्र को लिखित अभ्यास आवश्यक है,जिसके लिये वह माता-पिता और अपने शिक्षक की सहायता ले सकता है।

मैं स्वयं अभ्यास पर बहुत जोर देता हूँ तथा मैंने कई छात्रों को लाभांवित होते हुए भी देखा है।

श्री. शक्ति सिंह खैरे
प्राथमिक शिक्षक

आशा की किरण .....

जब निराशा के अंधेरों में घिरो,
तब समझ लो निकट आशा की किरण है।
घुटन मौसम की यही कहती सभी से,
निकट ही शीतल हवाओं की छुअन है।
पार कर लो सब अँधेरे होंसलों से,
फिर उजालों ही उजालों का सफ़र है।
आज काँटों की चुभन बेहाल करती,
कल वहीँ मखमली फूलों की डगर है।
जब थके से पांव राहों में धरो तुम,
तब समझ लो निकट मंजिल का मिलन है।
जो समय का ध्यान रखता है समझलो,
समय उसका मान रखता है सदा ही।
जो अहम् की बात करता है हमेशा,
भुला देता है उसे स्वयं परमात्मा ही।
ऊब जाओ जब स्वयं झूठे कथन से,
तब समझ लो खिल रहा सच का सुमन है।
जो सभी का कष्ट अपना मानता है,
हर कोई उसके लिए आगे बढ़ा है।
कष्ट छोटा या बड़ा किस पर पड़ेगा,
कब किसी के भाग्य को किसी ने पढ़ा है।
जब स्वयं से ही डरने लगो तुम,
तब समझ लो ज्ञान का पावन सृजन है।
प्यार के हर शब्द का रहता ऋणी जो,
सर उठाकर वही जीता है जगत में।
और जो हारे थके का साथ देता,
है वही आशीष रस पीता सुपथ में।
जब न हो शंका इसे स्वीकारने में,
तब समझ लो निकट कष्टों का दमन है।

लोकेश कुमार
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक
(अंग्रेजी)

जिस मिट्टी में जिन्दा ईमान रहता है
उसी जमीं पर उम्दा इंसान रहता है |
हमला हो हम पर ,जाने कब ? किस तरफ से
हर वक्त हाथ में मेरे एक श्मशान रहता है |
तंग है कूचा बेशक ,जगह दिल में तो है
मुखासर मेरे दिल में सारा जहान पलता है |
इश्क के खेल में खलास मेरे दिल का चैन
बेवक्त ,दिल में कोई खालिस अनजान रहता है |
हो जाएँ साथ भले फिर बाद में जुदा होने के
दाग दिल पर मगर ,कोई निशान रहता है |
श्री आशीष कुमार ,प्राथमिक शिक्षक

दिनचर्या

भारतीय संस्कृति में ऋषियों द्वारा प्रणित हमारी दिनचर्या नियमित है | प्रातः जागरण से लेकर शयन तक की समस्त क्रियाओं के लिए शास्त्रकारों ने अपने दीर्घकालीन अनुभवों से ऐसे नियमों का निर्माण किया है जिसका अनुसरण कर मनुष्य अपने जीवन को सफल बना सकता है |

आदर्श दिनचर्या के प्रमुख भाग है –

1.ब्रह्ममुहूर्त में जागना   2. शरीर शुद्धि

3. ईश्वरोपासना   4.आसन

5. अध्ययन   6.भोजन

7.स्कूल,दफ्तर जाना   8. खेल ,विश्राम

9. संध्या   10. शयन

नुमेश कुमार
स्नातक शिक्षक

लोक और लोक साहित्य

लोक साहित्य का अभिप्राय उस साहित्य से है जिसकी रचना लोक करता है | लोक–साहित्य उतना ही पुराना है जितना कि मानव, इसीलिए इसमें जन-जीवन की प्रत्येक अवस्था,प्रत्येक वर्ग,प्रत्येक समय और प्रकृति सभी समाहित है | लोक साहित्य मनुष्य समाज का वह वर्ग है जो शास्त्रीयता और पांडित्य की चेतना और अहंकार से शून्य है जो एक परंपरा के प्रवाह में जीवित रहता है| साधारण जनता से संबंधित साहित्य को लोक-साहित्य कहा जाता है | साधारण जनजीवन विशिष्ट जीवन से अलग होता है| लोक-साहित्य (जनसाहित्य) विशिष्ट साहित्य से अलग होता है | किसी देश या क्षेत्र का लोकसाहित्य आदिकाल से लेकर अब तक की उन सभी प्रवृतियों का प्रतीक है जो साधारण जनस्वभाव के अंतर्गत आती है| इस साहित्य में जनजीवन की सभी प्रकार की भावनाएँ बिना किसी दिखावें के समाई रहती है | लोकसाहित्य में लेखन कार्य बहुत कम है जबकि मौखिक रूप में अधिक है| लोक जीवन की जैसी सरलतम, अनुभूतिमयी अभिव्यंजना का चित्रण लोकगीतों व लोक-कथाओं में मिलता है, वैसा अन्यत्र सर्वथा दुर्लभ है |

लोक-साहित्य में लोक-मानव का हृदय बोलता है, प्रकृति स्वयं गाती-गुनगुनाती है लोक-साहित्य में निहित सौंदर्य अनुभूतिजन्य है| आदिकाल से श्रुति एवं स्मृति के सहारे जीवित रहने वाले लोकसाहित्य के कुछ विशेष सिद्धांत हैं | इस साहित्य में रचनाएँ जो अनेक कंठों से अनेक रूपों में बन-बिगड़कर एक सर्वमान्य रूप धारण कर लेती है यह रचनाक्रम आदिकाल से लेकर अबतक जारी है | परंपरागत एवं सामूहिक प्रतिभाओं से निर्मित होने के कारण विद्वानोँ ने लोकसाहित्य को अपौरुषेय (दैवी) की संज्ञा दी है |

अत: यदि कहीं की समूची संस्कृतिका अध्ययन करना हो तो वहाँ के लोक साहित्य का विशेष अवलोकन करना होगा | निश्चय ही परंपरागत लोकसाहित्य किसी एक व्यक्ति की रचना का परिणाम नहीं है | वैसे तो इसके कई उदहारण दिए जा सकते है कि एक ही गीत,कथा या कहावत एक स्थान पर जिस रूप में होता है दुसरे स्थल पर पहुँचते-पहुँचते उसका रूप बदल जाता है किंतु एक अच्छा प्रमाण है कि सैकड़ो वर्षों से गाए जानेवाले लोकमहाकाव्य आल्ह-खंड को आज तक एकरूपता नहीं मिली इस कार्य में लोकप्रवृत्ति किसी प्रतिबंध को स्वीकार नहीं करती | इस साहित्य की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह अनेक रूपों में होते हुए भी अनेकता में एकता की भावना से युक्त होता है | भाषा को बदलकर भी भावपक्ष में कोई परिवर्तन नहीं दीखता | एक ही रचना जो किसी स्थल पर वहाँ की बोली में पाई जाती है, वही बहुत दूर दूसरी बोली में भी मिल जाती है | ऐसा शायद इसलिए संभव हुआ होगा कि यात्राकाल में मानव जब कभी कहीं दूर गया होगा तो अपने

साथ अपना साहित्य साथ लेता गया होगा और गंतव्य स्थान पर उसकी छाप छोड़ आया होगा जिसे वहाँ के लोग स्वीकार कर लिया होगा | यह क्रम आज भी जारी है | जब कोई ग्राम्या नैहर से ससुराल जाती है तो स्वभावतः वह नैहर की उन लोकरचनाओं को अपने साथ ले जाती है जो उसे स्मरण रहती है| यदि उसका विवाह मायके के बोली क्षेत्र में हुआ तब तो कोई बात नहीं, किंतु अन्य बोली क्षेत्र में विवाह होने पर वह नैहर के गीतों को स्थानीय बोली के लहजे में ढाल लेती है | इस कार्य में ससुराल की ग्राम्यायोओं द्वारा भी सहायता मिलती है | इस प्रकार बनाव बिगाड़ बराबर चलते रहते है |

विदेशिया बिहार का सार्वजानिक लोकप्रिय लोकनाट्य है | व्यापार काम धंधे की तलास में प्रतिदिन असंख्य लोग गाँव से पलायन करने को मजबूर होते है | ऐसे में पति को परदेश जाने की विवशता पत्नी को विरह सहने के लिए मजबूर करती है | बिरहणी पत्नी जब अपने दर्द को गीतों में अभिव्यक्त करती है तो बिरहा और कजरी लोकगीत के रूप में जनसमाज उसकी पहचान करता है | बिहार में प्रचलित इन्ही लोकधुनो के आधार पर बिहारी ठाकुर ने बिदेशिया नामक लोकनाट्य की रचना की |

इतिहास के पन्नों में छत्तीसगढ़ का वैभव, ऐश्वर्य एवं सांस्कृतिक उत्थान का वर्णन मिलता है | छत्तीसगढ़ अंचल में विभिन्न भाषाओँ, संस्कृतियों एवं धर्मो के लोग निवास करते आ रहे है | यहाँ समय-समय पर जो विभिन्न जातियाँ बाहर से आकर बस हई, उनमें एक पारिवारिक संबंध बन गया |

छत्तीसगढ़ी जनभाषा आंचलिकता की दृष्टी से एक अत्यंत प्राचीन संस्कृति की उपज है |

सभी लोक-भाषाओं में – संस्कार गीत, जन्म गीत, विवाह गीत,पर्व गीत, बारहमासा आदि मुख्यता से गाए जाते है|

सन्दर्भ- लोक साहित्य, दीपांश पब्लिकेशन, सौरव कुमार |

सुमन्त यादव
(स्नातक शिक्षक)
-हिंदी)

नया सवेरा लाना होगा

ऐ इंसान ! तुझे अब उठना होगा,
संभलना होगा , चलना होगा,
जीवन में आगे बढ़ना होगा |
बहुत हो चुका सूर्यास्त,
ऐ इंसान ! अब तो नया सवेरा लाना होगा ||

बहुत जी चुके हो अंधविश्वासों के सहारे,
पाखंडों को तोड़कर नया विश्वास लेकर आना होगा,
जात-पात न हो नीवं जिसकी ऐसा समाज बसाना होगा |
ऐ इंसान ! अब यो नया सवेरा लाना होगा ||

तू आगे कदम बढाता जा पूरा समाज तेरे साथ होगा,
भगवान भी तेरे इस कार्य पर खुद गर्वित होगा,
कला बनाकर भेजा धरती पर जीवन को संवारना होगा |
ऐ इंसान ! अब तो नया सवेरा लाना होगा ||

इस क्रंदित समाज को एक ऐसा पथ दिखाना होगा,
अच्छाई के साथ चले ऐसा इसको बनाना होगा,
भय के इस वातावरण में सबको निर्भीक बनाना होगा |
ऐ इंसान ! अब तो नया सवेरा लाना होगा ||

छोड़ दे फल कि चिंता तू निरंतर कर्म करता जा,
गीता, गुरुबानी, बाइबिल, कुरान सबको इनका सन्देस देता जा,
अच्छी कवयित्री बनकर तुझको प्यार का गीत गाना होगा |
ऐ इंसान ! अब तो नया सवेरा लाना होगा ||
जीवन में ऐसे आगे बढ़ना होगा |
नया सवेरा लाना होगा ||

रीना देवी
प्राथमिक शिक्षिका

NAYA SAWERA
INITIATE DON'T HESITATE



अंग्रेजी खंड
ENGLISH SECTION
खोल दे पंख मेरे कहता है परिंदा,
अभी और उड़ान बाकी है,
जमीन नहीं है मंजिल मेरी,
अभी पूरा आसमान बीकी है।

A House Without a Mother...

Who is a mother? Nobody but a spark of God on earth a mother is not a rotten carcass of a ship. He occupies a special places in our heart. Life and home. My mother is my best friend. I have a sister but my mother often treat me like a younger sister, sometimes as a friend and of course as her daughter. She loves me and when I am wrong she lovingly guides me. I shudder at the thought of my house without my mother for she is indispensable for my family. The very thought of my life, of my house without my mother frightens me. I realise the value of my mother in my life during the winter. I was going to school. It was bitter cold and I was wearing a full sleeved shirt, a pull over and a blazer as well, but there was a girl who was shivering due to cold. There was no one to look after her. She was an orphan. I made her narrate her tragic tale to me. Her sad story made me cry and from that day I came to know that a mother is that precious jewel, who cares for our happiness and comfort till is there. I love my mother very much and can't live without her.

Shrawan Oswal
11th 'B'

RIDDLES

1.I have cities, but no houses. I have mountains,

but no trees. I have water, but no fish. What am I?

2. You measure my life in hours and I serve you by expiring. I'm quick. When I'm thin and slow when I'm fat. The wind is my enemy.

3. What English word has three consecutive double letters?

4. I come from a mine and get surrounded by wood always. Everyone uses me. What am I?

5. What disappears as soon as you say its name?

6. I have keys, but no locks and space, and no rooms. You can enter, but you can't go outside. What am I?

7. This belongs to you, but everyone else uses it.

Answers: 1.The Map , 2. The Candle, 3.Bookkeeper, 4. Pencil

5. Silence, 6.keyboard, 7.Your Name

~RUPAM SAHU (11 A)

1. THE CHALLENGING YEAR

"This too will pass!", is the line through which we had given consolation to our heart during those time.

The time has changed, the lifestyle has changed but the memories remains the same. The pandemic has changed the shape of the world and told us the value of everything. Those days were very tough to survive, each second feels like an hour, many people lost their life and many of us lost our nearer ones. From the classes of the school to the classes of zoom everything changed but studies remains the same.

